–प्रेस नोट–

जनपद मुजफ्फरनगर
दिनांक 30.03.2024

➢ **थाना खतौली पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र फैक्ट्री जब्त करते हुए 01 अभियुक्त बने–अधबने अवैध शस्त्र एवं शस्त्र बनाने के उपकरण सहित गिरफ्तार–**

दिनांक 30.03.2024 को प्रभारी निरीक्षक श्री उमेश रोरिया थाना खतौली मय हमराहीगण द्वारा 01 अभियुक्त आरिफ पुत्र इरफान निवासी मौहल्ला सराफान थाना खतौली मुजफ्फरनगर को अवैध शस्त्र फैक्ट्री जब्त करते हुए लाला मुसद्दीलाल के आम के बाग गंगनहर पटरी के किनारे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 02 बन्दूक देशी 12 बोर, 03 तमंचे 315 बोर, 07 तमंचे अधबने, 10 नाल 315 बोर, 07 नाल 12 बोर, 01 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 खोखा 12 बोर तथा अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किये गये। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खतौली पुलिस द्वारा मु0अ0सं0– 134/24 धारा 3/5/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।

➢ **थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र व मोटरसाईकिल सहित 01 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार–**

दिनांक 30.03.2024 को थाना कोतवाली नगर पर नियुक्त उ0नि0 श्री रविन्द्र कुमार मय हमराहीगण द्वारा 01 शातिर अभियुक्त तहसीन उर्फ भोला पुत्र यासीन निवासी किदवई नगर थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर को मछली बाजार सरकारी टयूबवैल के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 01 टीवीएस अपाचे मोटरसाईकिल (बिना नंबर प्लेट) बरामद की गयी। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0– 142/24 धारा 414 भादवि व 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।

➢ **थाना पुरकाजी पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–**

दिनांक 30.03.2024 को थाना पुरकाजी पर नियुक्त उ0नि0 श्री अतेन्द्र सिंह मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0– 28/24 धारा 376,452,506,313 भादवि में वांछित अभियुक्त पंकज पुत्र टीटू निवासी ग्राम भोजाहेड़ी थाना पुरकाजी मुजफ्फरनगर को खड़काबाला चौराहे से गिरफ्तार किया गया।

➢ **थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा 02 चोर अभियुक्तगण गिरफ्तार–**

दिनांक 30.03.2024 को थाना सिविल लाईन पर नियुक्त उ0नि0 श्री दिनेश कौशिक मय हमराहीगण द्वारा 02 शातिर चोर अभियुक्तगण 1– अचल गुप्ता पुत्र हरेन्द्र गुप्ता निवासी भूमियाखेड़ा कृष्णापुरी थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर 2– अनुराग पुत्र स्व0 सन्तराम निवासी आवास–विकास कॉलोनी थाना सिविल लाईन,मुजफ्फरनगर को डाकखाने वाली गली रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से दो बैगों में विभिन्न कम्पनियों की दवाईयां बरामद की गयी। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा मु0अ0सं0– 88/24 धारा 380/381/411 भादवि पंजीकृत किया गया।

➢ **थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तार–**

दिनांक 30.03.2024 को थाना बुढ़ाना पर नियुक्त उ0नि0 श्री ललित कुमार मय हमराहीगण द्वारा 01 अभियुक्त बिल्लु उर्फ शाहिद पुत्र अशफाक निवासी ग्राम रसूलपुर दभेड़ी थाना बुढ़ाना मुजफ्फरनगर को ग्राम परासौली में कान सिंह के बाग के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा मय 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर, तथा 01 बैग में गोकशी करने के उपकरण बरामद किये गये। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा मु0अ0सं0– 124/24 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।

➢ **<u>थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा 01 वारन्टी अभियुक्त गिरफ्तार–</u>**

दिनांक 30.03.2024 को थाना बुढ़ाना पर नियुक्त उ0नि0 श्री सुधीर कुमार मय हमराहीगण द्वारा वाद सं0– 294/9 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम में वारन्टी अभियुक्त अशोक पुत्र राजबीर ठाकुर निवासी ग्राम कुरथल, थाना बुढ़ाना मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

➢ **<u>थाना चरथावल पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तार–</u>**

दिनांक 30.03.2024 को थाना चरथावल पर नियुक्त उ0नि0 श्री सुरेन्द्र सिंह मय हमराहीगण द्वारा 01 अभियुक्त जीशान पुत्र इस्लाम निवासी ग्राम खामपुर थाना चरथावल, मुजफ्फरनगर को दौराने पुलिस चौकिंग कुटेसरा नहर पुलिस के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चरथावल पुलिस द्वारा मु0अ0सं0– 70/24 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।

➢ **<u>थाना खतौली पुलिस द्वारा अवैध शराब सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तार–</u>**

दिनांक 29.03.2024 को थाना खतौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री जोगेन्द्र पास सिंह मय हमराहीगण द्वारा 01 अभियुक्त अभिषेक पुत्र टेलीसन निवासी मौहल्ला मिशन कम्पाउण्ड थाना खतौली, मुजफ्फरनगर को अण्डर पास के गेट से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 24 बोतल 111 ऐस मार्का व्हिस्की अंग्रेजी शराब बरामद की गयी। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खतौली पुलिस द्वारा मु0अ0सं0– 132/2024 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।

➢ **थाना खतौली पुलिस द्वारा अवैध शराब सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तार–**

दिनांक 30.03.2024 को थाना खतौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री राहुल कुमार मय हमराहीगण द्वारा 01 अभियुक्त विशेष पुत्र अनील निवासी गौशाला रोड मौहल्ला पक्का बाग कस्बा व थाना खतौली, मुजफ्फरनगर को अण्डर पास के गेट से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 22 बोतल 111 ऐस मार्का व्हिस्की अंग्रेजी शराब बरामद की गयी। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खतौली पुलिस द्वारा मु0अ0सं0– 133/2024 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।